भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2495
उत्तर देने की तारीख 03 अगस्त, 2026
12 श्रावण, 1948 (शक)

कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत की भागीदारी

2495. श्री तमिलसेल्वन थंगा:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या वर्ष 2026 के राष्ट्रमंडल खेल 23 जुलाई से 2 अगस्त, 2026 तक ग्लासगो, स्कॉटलैंड में आयोजित होने वाले है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त राष्ट्रमंडल खेलों में भारत से कितने एथलीटों/खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है;

(घ) क्या राष्ट्रमंडल खेलों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए भारतीय एथलीटों / खिलाड़ियों को पर्याप्त प्रशिक्षण और पौष्टिक भोजन प्रदान किया जा रहा है; और

(ङ) यदि हाँ, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (ग): जी, हां। दिनांक 23 जुलाई, 2026 से 02 अगस्त, 2026 तक ग्लासगो, स्कॉटलैंड में राष्ट्रमंडल खेल 2026 का आयोजन किया जा रहा है। भारतीय प्रतिनिधिमंडल में 125 एथलीट/खिलाड़ी (77 पुरुष और 48 महिला), 50 टीम अधिकारी तथा 14 प्रतिनिधिमंडल कर्मी शामिल हैं।

(घ) और (ङ): राष्ट्रमंडल खेलों सहित अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं की तैयारी एक सतत एवं निरंतर प्रक्रिया है। युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय विभिन्न स्कीमों जैसे कि राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता स्कीम तथा टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम (टीओपीएस) के माध्यम से भारतीय खिलाड़ियों/टीमों को सहायता प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय, भारतीय ओलंपिक संघ और साथ ही राष्ट्रीय खेल परिसंघ (एनएसएफ) तथा भारतीय खेल

प्राधिकरण के साथ घनिष्ठ समन्वय स्थापित कर आगामी राष्ट्रमंडल खेलों सहित अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं के लिए टीमों एवं खिलाड़ियों की तैयारी हेतु सर्वोत्तम सुविधाएं, प्रशिक्षण, उपकरण सहायता तथा आवश्यक पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के लिए कार्य कर रहे हैं। राष्ट्रीय खेल परिसंघों और खेल विशेषज्ञों के परामर्श से प्रशिक्षण योजनाएं, प्रतिस्पर्धी एक्सपोजर तथा वैज्ञानिक सहयोग एवं सहायता का निर्धारण किया गया है। सरकार आगामी राष्ट्रमंडल खेलों सहित अंतरराष्ट्रीय खेल स्पर्धाओं में एथलीटों के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उन्हें सभी अपेक्षित सहायता एवं सुविधाएं प्रदान कर रही है। साथ ही, टीओपीएस के अंतर्गत एथलीटों को उनकी व्यक्तिगत आवश्यकताओं के अनुरूप अनुकूलित प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जाता है।

****